2012/00236

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए

मिसल नं0 03/2012 सरकार जर्ये तहसीलदार लाडपुरा बनाम गोरू पुत्र भेरू

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04-10-19	पेरोकार सरकार उपस्थित । पत्रावली का अवलोकन किया गया । तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र राजस्थान भू राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ आवंटन नियम 1970) के नियम 14 (4) के अन्तर्गत आवंटन खारिज करने हेतु प्रस्तुत कर तथ्य अंकित किये है कि आवंटी श्री गोरू पुत्र भेरू कोम भील निवासी रावंठा को ग्राम रावंठा की ख0 नं0 597/1189 रकबा 0.53 है0 भूमि आवंटित हुई थी । आवंटी द्वारा आवंटन की शर्तो की पालना नही किये जाने से उक्त आवंटन निरस्त करने हेतु दिनांक 11.06.2011 को प्रस्तुत किया है । अप्रार्थी के पुत्र भोलू की ओर से श्री ओमप्रकाश प्रजापति एड0 द्वारा वकालतनामा प्रस्तुत कर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि अप्रार्थी गोरू पुत्र भेरू की मृत्यु दिनांक 15.05.2010 को हो चुकी है । जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया है । चूंकि तहसीलदार लाडपुरा द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र अप्रार्थी की मृत्यु के बाद बिना मृतक के वारिसान बनाये प्रस्तुत किया है । अतः तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस निर्देश के साथ खारिज किया जाता है कि तहसीलदार आवंटी के वारिसान की जांच कर पुनः नये सिरे से उक्त आवंटन निरस्तीकरण का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें । मूल आवंटन पत्रावली तहसीलदार लाडपुरा को भिजवावे । पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफतर हो । अति0 जिला कलक्टर कोटा	